**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Dr. A.P.J. Abdul Kalam Science City, Patna निर्माण स्थल के Auditorium में SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films के अतिरिक्त विद्युत कार्य (यथा-एक्टीव आई बियर ग्लास (50 अद्द), 3 डी0 प्रोजेक्टर (30,000 ल्यूमेन), सर्वर, एमीटर) की व्यवस्था हेतु पूरक एकरारनामा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाही:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Dr. A.P.J. Abdul Kalam Science City, Patna** |
| 2. | प्रस्ताव | - | विषयांकित कार्य अन्तर्गत अतिरिक्त विद्युत कार्य **SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films** का प्रस्ताव। |
| 3. | मूल योजना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹889.9832 करोड़ (विज्ञान प्रावैद्यिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार का ज्ञापांक 4840 दिनांक 28.12.2023) |
| 4. | अतिरिक्त विद्युत कार्य यथा- SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films in Auditorium की व्यवस्था हेतु प्रावैधिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | **₹1,54,94,547.00** (मुख्य विद्युत अभियंता का पत्रांक 1068(वि0)अनु0 दिनांक 24.09.2025) |
| 5. | अतिरिक्त कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि एवं प्रसंग | - | **₹1,53,67,709.00** (मुख्य विद्युत अभियंता का पत्रांक 1188(वि0)अनु0 दिनांक 13.11.2025) |
| 6. | मूल एकरारनामा की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) राशि एवं एकरारनामा संख्या | - | ₹320,71,71,893.00 SBD-08/2018-19 |
| 7. | संवेदक का नाम | - | Shappoorji Pallonji And Company Private Limited |

8. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

Dr. A.P.J. Abdul Kalam Science City, Patna निर्माण स्थल के Auditorium में SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films के अतिरिक्त विद्युत कार्य की व्यवस्था हेतु राशि ₹3.00 करोड़ के व्यय हेतु विज्ञान, प्रावैद्यिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पटना द्वारा प्रदत सैद्धांतिक सहमति के विरूद्ध मुख्य विद्युत अभियंता के पत्रांक 1068(वि0) अनु0 दिनांक 24.09.2025 के द्वारा ₹1,54,94,547.00 मात्र का प्रावैधिक स्वीकृति प्रदान किया गया है एवं पत्रांक 1188(वि0) अनु0 दिनांक 13.11.2025 के द्वारा ₹1,53,67,709.00 मात्र का पूरक परिमाण विपत्र उपलब्ध कराया गया है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन संरचना प्रमंडल, पटना के पत्रांक 67 दिनांक 19.08.2025 के द्वारा प्रमंडलीय कार्यालय को सूचित किया गया कि दिनांक 14.08.2025 को सचिव, विज्ञान प्रावैद्यिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार एवं दिनांक 16.08.2025 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह में 3-डी0 फिल्म चलाने हेतु 3-डी0 प्रोजेक्टर के व्यवस्था हेतु निदेशित किया गया है। उक्त निदेश के अनुपालन में विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन संरचना प्रमंडल, पटना के द्वारा प्रोजेक्टर निर्माणकर्ता कम्पनी से सम्पर्क स्थापित करने के पश्चात उक्त हेतु एक्टीव आई वियर ग्लास (50 अद्द), 3 डी0 प्रोजेक्टर

(30,000 ल्यूमेन), सर्वर, एमीटर लगाने हेतु अनुमानित व्यय राशि ₹3.00 करोड़ बताई गयी है। उक्त अतिरिक्त कार्य हेतु अनुमानित व्यय ₹3.00 करोड़ हेतु प्रशासी विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार के द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्राप्त है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 471 अनु0 दिनांक 21.10.2025 के द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त विद्युत कार्य यथा- SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films को योजना के बजत राशि से स्वीकृति पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति के अंतर्गत की राशि से कराया जायेगा। विषयांकित अतिरिक्त विद्युत कार्य यथा- SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films की व्यवस्था हेतु मुख्य विद्युत अभियंता द्वारा प्रदत प्रावैधिक स्वीकृति के आलोक में पूरक विद्युत कार्य एवं योजना की वर्तमान लागत राशि ₹433.209 करोड़ आती है, जो प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति में योजना के निर्माण कार्य के लिए कर्णांकित राशि ₹451.4985 करोड़ के अन्तर्गत है।

9. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा Dr. A.P.J. Abdul Kalam Science City, Patna निर्माण स्थल के Auditorium में SITC of 3D Projector, Active Glasses with Accessories for Screening 3D Films की व्यवस्था हेतु ₹1,53,67,709.00 (एक करोड़ तिरेपन लाख सड़सठ हजार सात सौ नौ रूपये)मात्र का पूरक परिमाण विपत्र की राशि को कार्यहित में स्वीकृत करने एवं पूरक परिमाण विपत्र अनुमोदन हेतु मुख्य विद्युत अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पटना को प्राधिकृत करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

10. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 26.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (ब्रजेश कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना | मुख्य अभियंता(पटना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना |

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-181/2016(अंश-2) -23 (W) पटना, दिनांक- 05.01.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना